हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 60 देहरादून, बृहस्पतिवार, 24 अगस्त, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



बागेश्वर में भाजपा का किला मजबूत कर रहे मंत्री सौरभ बहुगुणा 3

# चांद पर विजय प्रचंड, झूम उठा उत्तराखंड

## मुख्यमंत्री धामी ने इसरो और पीएम मोदी को दी बधाई





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 24 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासन के उच्चाधिकारियों, विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों व स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर ऐतिहासिक सफल लैंडिंग का सजीव प्रसारण को देखा। सभी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्बोधन सुना व देखा। मुख्यमंत्री ने भारत की इस ऐतिहासिक सफलता के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, इसरो की टीम, वैज्ञानिकों व देश-प्रदेश की जनता को बधाई व शुभकामनाएं भी दी।

सीएम ने स्कूली बच्चों संग देखा प्रसारण

कार्यक्रम में उपस्थित राजीव गांधी आवासीय नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा, रायपुर तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, बनियावाला के छात्रों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चंद्रयान-3 की चन्द्रमा पर सफल लैंडिंग के साथ आज भारत विश्व का पहला देश बन गया है जिसके हम सभी साथी बने है। आज भारत दुनिया के हर क्षेत्र में नंबर एक बनने की दिशा में अग्रसर है। एक समय हमारे देश को सपेरो का देश कहा जाता था आज विज्ञान के क्षेत्र में देश नंबर 01 बना है। हमारे आज के युवा छात्र देश का भविष्य है। हमारे युवा छात्र भविष्य में जिस क्षेत्र में जाए उसका नेतृत्व करे तथा देश के सपने एवं अपेक्षाओं को पूरा करने में अपना योगदान देने का प्रयास करें।

मुख्यमंत्री ने इस सफलता के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब चंद्रयान-2 सफल नही हो पाया तो प्रधानमंत्री ने हमारे वैज्ञानिकों को गले लगाकर उनका हौसला बढ़ाया तथा दुगनी ताकत से इस अभियान को पूर्ण करने की शुभकामनायें दी। आज प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन तथा हमारे वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों से देश ने दुनिया में अपनी पहचान बनाई है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभी छात्रों से बातचीत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने भी इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। सचिव शिक्षा रविनाथ रमन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, शैलेश बगोली, महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी सहित अन्य उच्चाधिकारी मौजूद थे।



# उत्तराखंड में जमकर बरसेंगे मेघ, 8 जिलों में रेड अलर्ट जारी




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 24 अगस्त , उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण आठ जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है, साथ ही पांच जिलों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। बुधवार से शुक्रवार तक राज्य के सभी इलाकों में भारी बारिश की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से बताया गया कि मौसम विज्ञान केंद्र ने 23 से 25 अगस्त तक 8 जिलों टिहरी, देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल और उधम सिंह नगर जबकि उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा में बारिश का येलो अलर्ट है। इन दो दिनों में प्रदेश भर के तमाम इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। राज्य में भारी बारिश के कारण आम जनजीवन प्रभावित है।

भारी बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्र से भूस्खलन की घटनाएं बढ़ कर सामने आ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के बाद देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, बागेश्वर और नैनीताल में सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। जबकि आंगनबाड़ी केंद्र में भी छुट्टी रखी गई है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को जनपदों में खाद्यान्न से संबंधित सभी वस्तुएं और दवाओं की भी पर्याप्त उपलब्धता रखने के निर्देश दिए हैं।

## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने दी सभी देशवासियों व इसरो की संपूर्ण टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने समस्त देशवासियों व भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन( इ्वस्क्रह्र ) की संपूर्ण टीम को चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व उपलब्धि भारतीय वैज्ञानिकों की अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने पूरे विश्व का ध्यान भारत की ओर आकर्षित किया है। राज्यपाल ने कहा कि चंद्रयान-3 की इस सफलता से वैज्ञानिकों को चंद्रमा और अंतरिक्ष के गूढ़ रहस्यों को समझने में खासा मदद मिलेगी। राज्यपाल ने राजभवन में इस ऐतिहासिक उपलब्धि का लाइव प्रसारण भी देखा।

# चन्द्रयान-3 की साऊथ पोल पर सफल लैंडिंग पर महाराज ने दी बधाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 24 अगस्त , चन्द्रयान-3 की साऊथ पोल पर सफल साफ्ट लैंडिंग पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने इसरो के वैज्ञानिकों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। महाराज ने कहा कि आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 14 जुलाई 2023 को चन्द्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग के बाद बुद्धवार को चन्द्रयान-3 की चन्द्रमा के साऊथ पोल पर सफल ऐतिहासिक साफ्ट लैंडिंग होने के बाद भारत विश्व में ऐसा पहला देश बन गया है जो चन्द्रमा के साऊथ पोल पर पहुंचा है। भारत की इस विश्वव्यापी सफलता के लिए नासा ने भी इसरो को बधाई दी है।

उन्होंने चन्द्रयान-3 की चन्द्रमा के साऊथ पोल पर सफल ऐतिहासिक साफ्ट लैंडिंग के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसरो के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप ₹मेक इन इंडिया₹ का यह मिशन कामयाब रहा है।



हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# ट्रैफ़िक पुलिस की गर्मी दूर करेगा AC वाला हेलमेट !







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 अगस्त , चिलचिलाती गर्मी में अगर थोड़ी सी भी ठंडी हवा मिल जाए तो मन को सुकून मिलता है. लेकिन अब आपको बाइक पर बैठकर भी वैसा ही आराम मिल सकता है, क्योंकि बाजार में अब एसी हेलमेट दिखने लगे हैं. 46 से 48 डिग्री के बीच चिलचिलाती गर्मी में ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रही गुजरात ट्रैफिक पुलिस गर्मी से अपना बचाव शुरू कर चुकी है।

**हाई टेक एसी हेलमेट आ गया**


इन दिनों अहमदाबाद में कई जगहों पर ट्रैफिक पुलिस हाईटेक एसी हेलमेट पहने नजर आ रही है. शहर में कुछ स्थानों पर प्रत्येक पुलिसकर्मी को एसी हेलमेट दिए गए हैं. जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिलेगी. फिलहाल अहमदाबाद पुलिस ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एसी हेलमेट का परीक्षण शुरू कर दिया है.

**अच्छा बैटरी बैकअप**

एसी हेलमेट दोहरी सुरक्षा करेगा क्योंकि इससे पुलिसकर्मी गर्मी के साथ-साथ प्रदूषण से भी बचेंगे. इसका बैटरी बैकअप भी अच्छा है. सामने की तरफ एक ग्लास है. जो धूप, धूल और साफ दृष्टि रखने में मदद करेगा. इस हेलमेट की खासियत यह है कि इसके ऊपर बैटरी नहीं लगी है, बल्कि हेलमेट एक तार के जरिए बैटरी से जुड़ा होगा. यह बैटरी पुलिसकर्मी की कमर के पास रहेगी.

हाल ही में सोशल मीडिया पर इन एसी वाले हेलमेट के वीडियो और फोटो वायरल हुई हैं। दरअसल गुजरात पुलिस ने यह हेलमेट ट्रायल के लिए खरीदे हैं। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत अहमदाबाद ट्रैफिक पुलिस के पुलिसकर्मी चौराहों पर इन्हें पहनकर काम कर रहे हैं। गुजरात पुलिस ने सोशल मीडिया पर इसकी वीडियो भी शेयर की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हेलमेट बैटरी से काम करते हैं। इसका बैटरी बैकअप आठ घंटे का है। तो आप भी कीजिये अपने ठन्डे हेलमेट का इंतज़ार

# प्रेग्नेंसी की तरह कीजिये यूरिन से कैंसर जांच !



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 अगस्त , प्रेग्नेंसी टेस्ट के लिए जिस तरह एक किट से पता चल जाता है उसी तरह अब कैंसर का पता भी चल जाएगा. यानी लोग प्रेग्नेंसी टेस्ट की तरह यूरिन से कैंसर का पता लगा लगेंगे. बहुत जल्द यह टेस्ट कैंसर के इलाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला देगा. इसके लिए एक किट से सिंपल यूरिन टेस्ट किया जाएगा और इससे कई प्रकार के कैंसर का पता लगा लिया जाएगा. दरअसल, अमेरिकन रिसर्चर ने इसके लिए नैनोपार्टिकल सेंसर बनाया है जो बहुत तेजी से कैंसर की जांच कर लेगा. प्रेग्नेंसी टेस्ट के लिए एक किट होता है जिसमें यूरिन की एक-दो बूंद डालनी होती है. इसके कुछ ही सेकेंड बाद दो लाल रेखा बन जाती है. इससे पता चल जाता है कि प्रेग्नेंसी है या नहीं. इसी तरह की नैनोपार्टिकल किट में यूरिन की एक-दो बूंद डाली जाएगी और कुछ ही सेकेंड में इससे पता चल जाएगा कि कैंसर है या नहीं. यानी इंसान इसे खुद भी टेस्ट कर सकते हैं. यह किट बेहद सस्ती भी होगी.

**नैनोपार्टिकल सेंसर से होगी विभिन्न प्रकार के कैंसर की पहचान**

ब्रिटिश वेबसाइट मिरर में छपी रिपोर्ट के मुताबिक इसका सेंसर भी प्रेग्नेंसी किट में लगे सेंसर की तरह ही होगा. यह सेंसर कैंसर वाले प्रोटीन को पहचान लेगा. यह सेंसर विभिन्न प्रकार के कैंसर की पहचान कर लेगा. इतना ही नहीं जब इलाज के बाद अगर दोबारा ट्यूमर




उभरता है तो इसका भी यह सेंसर पता लगा लेगा. नैनोपार्टिकल को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह ट्यूमर की पहचान कर सके और जब डीएनए सीक्वेंस से उत्सर्जन हो तो इसकी भी पहचान हो सके. यह सब यूरिन में मौजूद होता है. इसलिए जब यूरिन सेंसर में आएगा तो सब कुछ पता चल जाएगा. डीएनए के विश्लेण से मरीज के ट्यूमर के बारे में डिटेल भी पता चल सकेगा.

**चूहों पर ट्रायल रहा सफल**

चूहों पर इस सेंसर का प्रारंभिक ट्रायल किया गया है जो सफल रहा है. चूहों पर किए गए ट्रायल में ट्यूमर से निकले पांच अलग-अलग एंजाइम की गतिविधियों का पता लगाया गया है. अब इंसानों पर इसका क्लिनिकल ट्रायल किया जाएगा. इस नैनोपार्टिकल सेंसर को मेसाच्यूसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) के इंजीनयरों ने डिजाइन किया है. इससे कई प्रकार के कैंसर प्रोटीन की पहचान हो सकती है. दरअसल, जब कोई सेल्स कैंसर सेल्स में तब्दील हो जाता है तो वहां से डीएनए का छोटा सीक्वेंस वहां से निकलता है और यह पेशाब के रास्ते उत्सर्जित हो जाता है.

**डीएनए सीक्वेंस में कैंसर का बारकोड**

एक तरह से इस डीएनए सीक्वेंस में कैंसर का बारकोड छुपा रहता है. जब पेशाब में इसका पता चलेगा तो ट्यूमर के बारे में विस्तार से चीजों के बारे में भी पता चलेगा. एमआईटी में मेडिकल इंजीनियरिंग एंड साइंस एंड इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग की बायलॉजिकल इंजीनियर डॉ. संगीता भाटिया ने बताया कि हमलोगों की कोशिश है कि इस सेंसरयुक्त को किट को बेहद सस्ते में लोगों को उपलब्ध कराएं ताकि गरीब से गरीब लोगों तक इसकी पहुंच हो सके और आसानी से खुद ही लोग प्रेग्नेंसी टेस्ट की तरह कैंसर की भी जांच कर सके.

# 30 की उम्र के बाद महिलाओं को जरूर फॉलो करना चाहिए 6 गोल्डन रुल्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 अगस्त , हर उम्र की महिलाओं का यह सपना होता है कि वह हमेशा खूबसूरत और फिट दिखे. लेकिन उम्र के लक्षण को हम रोक नहीं सकते क्योंकि ये एक नेचुरल प्रोसेस है. हालांकि अगर महिला होने के नाते अगर आप अपनी सेहत पर शुरुआती दिनों से ही ध्यान दें और अपना सही तरीके से देखभाल करें तो उम्र से पहले आप एजिंग के लक्षणों को कम कर सकते हैं. यही नहीं, अगर आप 30 की उम्र से ही अपने स्किन को लेकर सचेत रहें तो यह रिंकल और फाइनलाइन की समस्या को दूर कर सकता है. यहां हम बता रहे हैं कि आप किस तरह नेचुरल तरीके से उम्र के असर की रफ्तार को कम कर सकते हैं.

**30 की उम्र के बाद इन बातों का रखें ख्याल**

**पानी खूब पियें**

फिटडे के मुताबिक, पानी की कमी होने पर शरीर में मेटाबॉलिज्म कम होने लगता है, शरीर में पानी की कमी होने लगती है और यह स्किन की फ्लेक्सिबिलिटी को प्रभावित करती है. इसलिए अपने पानी के इंटेक पर नजर रखें और भरपूर पानी पियें.

**वर्कआउट करें**

अगर आप 30 की उम्र के बाद भी रेग्युलर वर्कआउट करें, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करें तो यह आपके आपके मसल्स को कमजोर नहीं होने देते और चेहरे व शरीर पर यूथनेस बना रहता है.

**धूप से बचें**

ब्रायन मावर डर्मोटोलॉजी के मुताबिक, अर्ली एजिंग का सबसे बड़ा कारण यूवी किरणें. ऐसे में रोज एसपीएफ 30 सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें और सनग्लास का प्रयोग करें.

अल्कोहल स्मोकिंग से बचें

ये दोनों ही आदतें स्किन पर रिंकल की वजह होती हैं. यह स्किन कैंसर का कारण भी बन सकता है. ऐसे में जहां तक हो अल्कोहल और स्मोकिंग से खुद को दूर रखें.

भरपूर सोएं

30 की उम्र के बाद भरपूर सोना काफी जरूरी होता है. आप कम से कम 8 घंटे की नींद रात में जरूर पूरा करें. इसके अलावा सोने और जागते समय स्किन केयर का ध्यान रखें.

हेल्दी डाइट जरूरी

स्किन को परफेक्ट रखने के लिए आप हेल्दी डाइट का सेवन करें. इसके लिए भरपूर फल, सब्जियां, अनाज आदि खाने में शामिल करें. इस तरह आप लंबी उम्र तक खुद को फिट रख सकेंगी और हेल्दी रहने की वजह से आपकी स्किन और बालों की समस्या भी दूर रहेगी.



# बागेश्वर में भाजपा का किला मजबूत कर रहे मंत्री सौरभ बहुगुणा





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बागेश्वर , 24 अगस्त , करिश्माई मुख्यमंत्री के कुशल रणनीतिकार और बागेश्वर के चुनावी सेनापति सौरभ बहुगुणा ने कांग्रेस के चक्रव्यूह को खंडित करते हुए उपचुनाव में पार्टी की राह न सिर्फ आसान बना रहे हैं बल्कि रिकॉर्ड जीत की उम्मीद भी बढ़ा रहे हैं। एक तरफ जहाँ घर घर धामी मोदी विजन को पहुंचा कर वोटरों का समर्थन हासिल कर रहे हैं वहीँ 2024 के लिए उत्तराखंड भाजपा के लिए अपनी अहमियत का बखूबी एहसास भी करा रहे हैं।

**कांग्रेस के दलबदलू प्रत्याशी को नकारा – सौरभ**

बागेश्वर के नुक्कड़ हो या जनसभा या लोगों के बीच संवाद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा बड़ी शालीनता से पार्टी की उपलब्धियां और धामी सरकार का कामकाज गिना रहे हैं। लगातार भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास के समर्थन में प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा जनसंपर्क कर लोगों को कमल से जोड़ रहे हैं ।

**बड़ी संख्या में भाजपाई हुए स्थानीय दिग्गज**

युवा कैबिनेट मंत्री बहुगुणा का कहना है कि भाजपा इस उपचुनाव में जीत का नया इतिहास लिखेगी। स्व. चंदन राम दास ने बागेश्वर विधानसभा में ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं। इसलिए जनता ने उन्हें चार बार विधायक बनाया। पांच सितंबर को जनता का वोट बागेश्वर विधानसभा में विकास की नई इबारत लिखेगा। स्व. दास के अधूरे विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

## जैन धर्म के तीर्थंकर पाश्र्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर श्री पाश्र्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महापर्व व आनंदमति माता का दीक्षा दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मधु जैन ने बताया कि दून में चातुर्मास कर रही आर्यिका आनंदमति माता एवं क्षुल्लकरत्न समर्पण सागर महाराज के मंगल सानिध्य में श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर एवं जैन भवन गांधी रोड पर दीक्षा उत्सव मनाया गया। महिलाओं ने जिनवाणी भेंट की। जैन समाज द्वारा श्री 1008 भगवान पाश्र्वनाथ को निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। झंडा बाजार स्थित जैन मंदिर में भी जैन मिलन पारस द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां भगवान को 151 निर्वाण लाडू समर्पित किये गये। श्री पाश्र्वनाथ पद्मावती तीर्थ धाम क्लेमेंटाउन में भी भव्य कार्यक्रम हुआ। जहां भगवान पाश्र्वनाथ को 23 किलो का मुख्य निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। जैन भवन मंत्री संदीप जैन ने बताया कि श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर एवं जैन भवन गांधी रोड में आनंदमती माता एवं क्षुल्लकरत्न समर्पण सागर महाराज के मंगल सानिध्य में आगामी 25 से 27 अगस्त को त्री-दिवसीय जिनेन्द्र आराधना की जाएगी। जिसमें 25 को श्री भक्तांबर विधान, 26 को श्री कल्याण मंदिर विधान एवं 27 को श्री वर्धमान स्तोत्र विधान किया जाएगा। कार्यक्रम में जैन समाज अध्यक्ष विनोद जैन, महामंत्री राजेश जैन, जैन भवन के प्रधान सुनील जैन, मंत्री संदीप जैन, कोषाध्यक्ष मनोज जैन, साधु सेवा समिति के संयोजक अशोक जैन, भारतीय जैन मिलन के मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष नरेश चंद जैन, मधु जैन, पंकज जैन, संजय जैन, अंकुर जैन, सचिन जैन, अमित जैन, राजीव जैन, ममलेश जैन, सुमन जैन, मोनिका जैन, पल्लवी जैन पूर्णिमा जैन, सुनैना जैन मौजूद रही।

## ड्रेनेज के स्थाई समाधान के जरिए ही समस्या होगी दूर : प्रेमचंद अग्रवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्र में बरसात के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त है। कई जगहों पर जल भराव सहित अन्य समस्याएं बनी हुई हैं। बुधवार को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बाढग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर जल निकासी के स्थायी समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बुधवार को मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने दिल्ली फार्म में पहुंचकर जल भराव से प्रभावित हुए ग्रामीणों की समस्या जानी। उन्होंने दिल्ली फार्म गली नंबर 1, भल्ला फार्म, पांडे प्लाट, दून इंस्टीट्यूट के पीछे भल्लाफार्म सहित घरों में आई दरारों, बहे खेतों, टूटे आंगन सहित अन्य समस्याएं देखीं। पानी की निकासी के स्थायी समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्रामीणों ने बताया कि पानी उनके घरों तक पहुंच गया है। इससे घरों में दरारें तक आ गई हैं। मंत्री ने एसडीएम को सर्वे कर जल्द मुआवजा दिलाने को कहा। इसके साथ ही प्रभावित लोगों को मेडिकल टीम, कच्चा व पका हुआ भोजन और दैनिक उपभोग की वस्तुएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मौके पर एसडीएम योगेश मेहरा, तहसीलदार चमन सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता धीरेंद्र कुमार, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता दिनेश उनियाल, सहायक अभियंता अनुभव नौटियाल, रामकुमार, रजनीश कुशवाहा, दीपेन चेतन, राजीव सेमवाल, नारायणी रतुड़ी, हरिप्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, नीरज चौहान, राकेश पासवान, शोभन सिंह राणा, केदार रावत, जगदीश राणा, दीपक सेमवाल, मतबर रावत, सोहन कोटियाल, खुशीराम नौटियाल, कुलदीप नेगी, राकेश सिंह, विनीता देवी, रमेश पांडे, कलावती पांडे, इंदु, ज्योति रावत आदि उपस्थित रहे।

## गढ़वाल विवि में अब बायोमैट्रिक मशीन से दर्ज होगी उपस्थिति

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के प्रशासनिक भवन व बिड़ला एवं चौरास परिसर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत बायोमैट्रिक मशीन लगाए जाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इसके लिए विवि में सात बायोमैट्रिक मशीन की खरीदारी भी हो गई है। जल्द ही इन्हें इंस्टाल करने का कार्य किया जा रहा है। विवि के प्रोग्रामर को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बायोमैट्रिक मशीन लग जाने के बाद कर्मचारियों व शिक्षकों को कार्यालयों एवं विभागों में आने-जाने की उपस्थिति मशीन से दर्ज करानी होगी। गढ़वाल विवि में लंबे समय से बायोमैट्रिक मशीन लगाए जाने को लेकर मंथन चल रहा है। इसके लिए विवि प्रशासन द्वारा चार सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया गया था। कमेटी में संयोजक उप कुलसचिव डा.संजय ध्यानी के साथ ही विवि के ईई विजयानंद बहुगुणा, सुरक्षा अधिकारी हेम जोशी व सहायक कुलसचिव विजयपाल भंडारी बतौर सदस्य शामिल हैं। कुल उपलब्ध सात मशीनों में से दो मशीनें प्रशासनिक भवन, दो बिड़ला परिसर, दो चौरास परिसर व एक मशीन विवि के उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी एवं शोध संस्थान(हैप्रक) में लगाई जाएगी। उप कुलसचिव डा. ध्यानी ने बताया कि मशीन के इंस्टालेशन के कार्य के साथ ही कर्मचारियों का डाटा कलेक्शन का कार्य चल रहा है। डाटा फीड होते ही बायोमैट्रिक मशीन लग जाएंगी। बायोमैट्रिक उपस्थिति के प्रथम चरण में शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए शुरू किए गए पायलट प्रोजेक्ट के सफल रहने के बाद छात्रों की बायोमैट्रिक उपस्थिति पर कार्य होगा।

## कवि चंद्र कुंवर की स्मृति में स्थापित हो साहित्यिक पीठ

श्रीनगर गढ़वाल। हिमालयन साहित्य एवं कला परिषद् श्रीनगर गढ़वाल की ओर से कवि चंद्र कुंवर बर्त्वाल की जयंती पर साहित्यक गोष्ठी का आयोजन किया गया। परिषद की प्रधान प्रो. उमा मैठाणी की अध्यक्षता में हुए समारोह में प्रो. सम्पूर्ण सिंह रावत ने प्रकृति के चितेरे कवि चंद्र कुंवर बर्त्वाल के रचनात्मक कार्यों का विश्लेषण किया। जबकि प्रो. आशुतोष गुप्ता ने चंद्र कुंवर बर्त्वाल के कृतित्व पर प्रकाश डालने के साथ ही उनकी एक कविता का पाठ भी किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी के बयान पर भडक़े तीर्थ पुरोहित

नई टिहरी। उत्तराखण्ड के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी के गंगा नदी पर दिये गए बयान पर देवप्रयाग के तीर्थ पुरोहित समाज सहित क्षेत्रवासियों में खासा रोष बना है। देवप्रयाग तीर्थ से ही गंगा नाम का उद्गम होने से बयान को लेकर यहां विशेष आक्रोश बना है। पूर्व राज्यपाल कुरैशी ने मध्य प्रदेश में आयोजित एक कार्यक्रम में कांग्रेस की ओर से गंगा मैया की जय बोलने को डूब मरने वाली बात करार दिया था। तीर्थ पुरोहितों ने राष्ट्रीय नदी गंगा पर दिए गए इस बयान को आपत्तिजनक व निंदनीय बताया है। उनके अनुसार, अजीज कुरैशी जिस राज्य के राज्यपाल रहे वहीं से निकलने वाली मां गंगा के प्रति इस तरह के बयान आश्चर्य में डालने वाले हैं। उत्तराखण्ड के राज्यपाल रहते वह यहां की देव संस्कृति व गंगा की महिमा बखान करते थकते नहीं थे। लेकिन आज उनका गंगा पर दिया ऐसा बयान करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर सीधी चोट करने वाला है। श्री बदरीश युवा पुरोहित संगठन ने कहा कि, पूर्व राज्यपाल कुरैशी यह नही भूलें कि, देश के करोड़ों लोगों का जीवन गंगा के भरोसे ही है। उनके लिए यह मां के समान ही है। जबकि हिंदू धर्म में गंगा मुक्ति देने वाली मानी गयी है। विश्व का महान कुंभ मेला गंगा तट पर हरिद्वार व प्रयाग राज में ही आयोजित होता है। अनेक मुस्लिम संतों, शायरों ने गंगा की महिमा गाई है। तीर्थ पुरोहित अशोक टोडरिया, रमावल्लभ भट्ट, अशोक तिवारी, माधव पंचपुरी, नितिन ध्यानी, गिरीश कोटियाल, नरहरि शास्त्री, महेश अलखनिया, श्रीपति बाबुल कर आदि ने बयान की कड़ी आलोचना की है।

### कृषक गोष्ठी का आयोजन किया

नई टिहरी। कृषि विभाग की ओर धारकोट गांव में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्रामीणों को मिलेट मिशन योजना की जानकारी दी गई। कृषि विभाग ने किसानों को आय बढ़ाने हेतु मंडुआ बीज विक्रय करने को भी कहा। चंबा ब्लॉक के न्याय पंचायत डडूर के धारकोट गांव में बुधवार को आयोजित किसान गोष्ठी में धारकोट, दिखोलगांव, डडूर, कोटीगाड़, गुनोगी आदि के ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी में सहायक कृषि अधिकारी डीपी सेमल्टी ने ग्रामीणों को बताया कि सरकार की ओर से किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए मिशन मिलेट योजना चलाई जा रही है, जिसके द्वारा किसानों को अधिक से अधिक मंडुआ का उत्पादन करने और उसे विक्रय करने पर जोर दिया जा रहा है। कहा कि विभाग किसानों से मंडुआ बीज 38.46 प्रति किलोग्राम की दर से खरीदेगा, जो कि सहकारी समितियों के माध्यम से क्रय किया जाएगा। किसानों को विभाग की ओर से मंडुआ फसल की सुरक्षा हेतु जैविक रसायन दिए गए, जिससे फसल में कीट बीमारी की रोकथाम की जा सके। किसानों ने फसलों की जंगली जानवरों से सुरक्षा की मांग भी उठाई। गोष्ठी में विकासखंड प्रभारी एसएस असवाल ने विभाग की ओर से चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर ग्राम प्रधान निवेदिता परमार, कुसुम रावत, पुष्पा चौहान, दयाल सिंह, कमल सिंह, प्रेम लाल, संगीता देवी, बसंती देवी, आशा देवी, सुषमा देवी, शीला देवी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### व्यापार मंडल और नागरिक मंच ने डीएम को बताई समस्याएं

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जनसहयोग समिति की बैठक में नागरिक मंच और व्यापार मंडल पदाधिकारी ने नई टिहरी नगर की विभिन्न समस्याओं को डीएम के समक्ष रखा। डीएम ने संबधिंत विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में नागरिक मंच और व्यापार मंडल पदाधिकारियों नई टिहरी नगर की विभिन्न समस्याओं से संबधिंत प्रस्तावों को डीएम को सौंपे। डीएम ने नगर के नागरिकों के लिए बेहत्तर सुविधा देने, नगर में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ाने हेतु नागरिक मंच और व्यापार मंडल पदाधिकारियों से सुझाव भी प्राप्त किये गये। डीएम ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने, शहर को और बेहतर बनाने तथा व्यवसायियों एवं आम नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर संबंधित विभागों के अधिकारी प्लान तैयार करें। नागरिक मंच अध्यक्ष सुन्दरलाल उनियाल ने एवं व्यापार मंडलध्यक्ष ज्योति डोभाल ने नगर में डोर डू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं साफ-सफाई, बौराड़ी गांव के पुनर्वास संबंधी मामलों का निस्तारण, लावारिस पशुओं का समाधान,नगर में बंदरों के आतंक से मुक्ति, आन्तरिक सडक़ों को दुरुस्त करने,बारिश के पानी की निकासी हेतु नालियों की सफाई, जिला अस्पताल में डॉक्टरों की तैनाती, बौराड़ी स्टेडियम, बस अड्डा, सीवर लाइन सहित कई मुद्दे डीएम के सम्मुख रखे।

# बागेश्वर का किला जीतने को पसीना बहा रहे मंत्री सौरभ बहुगुणा





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 24 अगस्त , युवा सरकार , युवा नेतृत्व और युवा कैबिनेट मंत्री ....आपको याद होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि आने वाला दशक उत्तराखंड का है मतलब युआ उत्तराखंड और युवा नेतृत्व का है। यही वजह है कि जब सीएम बनाने की बारी आयी तो अनुभव और उम्र को दरकिनार करते हुए युवा विधायक पुष्कर सिंह धामी को कमान दी गयी। जिसके बाद सामने आयी उनकी संतुलित टीम जिसमें सबसे युवा मंत्री बने दिग्गज बहुगुणा की विरासत को आगे बढ़ाने वाले सितारगंज के युवा विधायक सौरभ बहुगुणा जो अब बन गए है गुडलक मिनिस्टर ....

पहाड़ को पसंद है सौरभ की सादगी

आपको याद होगा कि बीते विधान सभा चुनाव में जब धामी खुद खटीमा से हार गए तो उनकी झमकर आलोचना हुई। लेकिन तब कयास लगे कि अब कोई और बनेगा मुख्यमंत्री लेकिन हाँथ तो सीधे पीएम मोदी का और आशीर्वाद पार्टी का था लिहाज़ा हार कर भी बाज़ीगर बन गए धामी और सामने आया चम्पावत का उपचुनाव जो किसी चुनौती से कम नहीं था।

लेकिन तभी सीएम ने एक युवा कमांडर को दी अपने ही चुनाव की रणनीति बनाने , घर घर वोटरों को जोड़ने और पार्टी के पक्ष में बयार लाने की अहम ज़िम्मेदारी ... तब लगा था कि जीत तो होगी लेकिन प्रचंड रिकॉर्ड कायम होगा ये किसी ने नहीं सोचा था हालाँकि जिस तरह से दिन रात मैदान में सौरभ बहुगुणा की सक्रियता रही , गली , गाँव , बाजार , युवा महिलाओं में उनकी पकड़ मजबूत हुयी उसने कमाल कर दिया और नतीजा रिकॉर्ड वोटों से जीत गए सीएम धामी

अब एक बार फिर बागेश्वर उपचुनाव की कमान सम्हाल रहे हैं लोगों के बीच सहज , सौम्य और मृदुल मुस्कान के संग रिश्ता बना लेने के माहिर मंत्री और धामी सरकार के गुडलक मिनिस्टर सौरभ बहुगुणा ..... जो आजकल बागेश्वर में दिन रात पार्टी की जीत के लिए बारिश और आपदा की चुनौतियों के बीच पसीना बहा रहे हैं। दरअसल लोगों के बीच उनकी यही लोकप्रियता और सादगी भरा व्यवहार पार्टी के लिए फायदे और जीत के लिए अहम साबित हो रहा है। तो इंतज़ार कीजिये गुडलक मिनिस्टर की एक और कामयाब जीत का जो उनके कदम राजनीती के मैदान में और भी मजबूत कर देगी।

# क्या होती है किडल्टिंग, दिमागी सेहत से इसका क्या है संबंध?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 अगस्त , बचपन की यादों को ताजा करना दिमाग और सेहत दोनों के लिए अच्छा माना जाता है. खुशियों और निश्चिंतता भरे दिन याद करना मन को खुशी की भावना से भरने के साथ ही तरोताजा महसूस करने का भाव भी पैदा करता है. आजकल इसी संदर्भ में एक नया ट्रेंड चल रहा है जिसके लिए एक नया शब्द चलन में आ गया है जिसे किडल्टिंग कहते हैं. किडल्टिंग इन दिनों दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहा है. इसमें वयस्क लोग ऐसी गतिविधियां करते हैं जो बच्चों की ही मानी जाती हैं. खास तौर पर कोविड-19 महामारी के दौरान ये किडल्टिंग क्रिया ज्यादा की जाने लगी थी.

**एक खास तरह के अनुभव के लिए**

किडल्टिंग में परिपक्व वयस्क खुद को ऐसे अनुभवों में डाल देते हैं जो उन्होंने ऐसी खुशिया ला देती हैं जैसी वे बचपन में हासिल किया करते थे. इस ऐसा माना जा सकता है कि पुराने दिनों में बचपन की खुशियां और हंसी ठिठोली का सुख फिर से हासिल किया जाता है और आज के तनाव भरी जटिलताओं को कुछ समय के लिए खारिज किया जा सकता है.

**नॉस्टेल्जिया के मनोविज्ञान पर आधारित**

वेल एंड गुड की रिपोर्ट के मुताबिक किडल्टिंग नॉस्टेल्जिया यानी घर की याद के मनोविज्ञान पर आधारित है और मन के अंदर के बच्चे की उपचार पद्धति है. इससे वयस्कों को पुराने दिनों की एक उन्मुक्त यादों को जगाने में मदद मिलती है और इसके नतीजे के तौर पर उनके अंदर रचनात्मकता और उनके मूड को बेहतर करने में मदद मिलती है.

**बदल रही है लोगों की सोच**

महामारी के दौर में किडल्टिंग को कई लोगों ने अपनाया था. ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक 201 में दो हजार अमेरिकी अभिभावकों पर हुए एक सर्वे से खुलासा हुआ है कि उन्होंने खुद के लिए खिलौने खरीदे थे. यह जानकारी लोगों के नजरिए में आए बदलाव पर रोशनी डालती है जिसमें खिलौनों को केवल बच्चों के ही खेलने की चीज माना जाता है.

# लूट के जल्द खुलासे पर डीआईजी का जनता ने किया सम्मान



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 24 अगस्त , सर्राफ़ा व्यापारी के यहाँ हुई चोरी का पुलिस द्वारा तत्परता से ख़ुलासा किए जाने पर सर्राफ़ा मंडल देहरादून के प्रतिनिधियों द्वारा DIG /SSP देहरादून का आभार प्रकट किया है। कुछ दिन पहले धामावाला बाज़ार कोतवाली नगर क्षेत्र में सर्राफ़ा व्यापारी के यहाँ हुई सोने की चोरी का पुलिस द्वारा सफल खुलासा करने पर सर्राफ़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील मेसोंन तथा अन्य प्रतिनिधियों द्वारा DIG/ SSP देहरादून दलीप सिंह कुँवर महोदय को उनके कार्यालय में पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।पुलिस की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए सर्राफ़ा मंडल के प्रतिनिधियों द्वारा दून पुलिस का बहुत बहुत धन्यवाद किया गया

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय विवि परिसर बादशाहीथौल में छात्र धरने पर बैठे

नई टिहरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों ने विभिन्न मांगों को लेकर केंद्रीय विवि परिसर बादशाहीथौल में अनिश्चितकालीन धरने शुरू किया है। छात्रों ने मांगे नहीं माने जाने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी है। बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्रीय विवि परिसर बादशाहीथौल में अपना अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। संगठन के जिला संयोजक गौतम मखलोगा ने कहा कि छात्र लंबे समय से पूर्व की भांति 5 प्रतिशत कैंपस वेटेज देने, सीयूइटी परीक्षा में स्थानीय छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण, रिक्त सीटों पर मेरिट बेस के आधार पर प्रवेश देने, परिसर को वाईफाई युक्त बनाने, रीडिंग रुम एंव जिम का संचालन रविवार को भी करने के साथ दोनों के समय में परिवर्तन करने, परिसर में खाली पदों पर कर्मचारी और शिक्षकों नियुक्ति करने,छात्रों और शिक्षकों के लिये बायोमेट्रिक की सुविधा देने सहित 9 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग की है। बताया इस संबंध में छात्रों द्वारा पूर्व में विवि कुलपति को मांग पत्र भेजा गया था, लेकिन छात्रों की मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई, जिसके विरोध में छात्र को मजबूर होकर अनिश्चितकालीन धरना शुरु करना पड़ा है। बताया जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती है, उनका धरना जारी रहेगा। धरने पर बैठने वालों में छात्र संघ महासचिव नितीश कोठारी, अंशुल भंडारी, अनुराग मखलोगा, अजय, वैभव, राजवीर आदि शामिल हैं।

### नौ घंटे से अधिक बाधित रहा बदरीनाथ हाईवे

नई टिहरी। ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग देवप्रयाग के निकट भारी मलबा आने से नौ घण्टे से अधिक बाधित रहा। जिसके चलते यहां वाहनों की लंबी कतार लग गयी। एनएच की ओर से काफी मशक्कत के बाद यहां राजमार्ग दोपहर बाद सवा तीन बजे तक खोला जा सका। बुधवार सुबह करीब छह बजे देवप्रयाग डिग्री कॉलेज के निकट स्थित भगवानदास भेल पर भारी मलबा भरभरा कर नीचे आ गिरा। कई मीटर में फैले मलबे को हटाने के लिए यहां एनएच की ओर से दो जेसीबी लगाई गयी। इस बीच भारी बारिश आने से काम रोकना भी पड़ा। बाद में काफी मशक्कत के बाद करीब सवा तीन बजे मलबा हटाये जाने के बाद यातायत सुचारु किया जा सका। ऋषिकेश से महादेव चट्टी, धौलधार में भी कुछ देर राजमार्ग बाधित हुआ। मगर देवप्रयाग से दो किमी आगे आये मलबे से ऋषिकेश व श्रीनगर से निकले वाहन यहीं फंस के रह गए। यातायत बाधित होने से देवप्रयाग क्षेत्र से जाने वाले लोगों को काफी मुश्किल बनी रही। एसएचओ देवराज शर्मा के अनुसार, राजमार्ग खुलने तक सुरक्षा की दृष्टि से ऋषिकेश से आने वाले यातायत को देवप्रयाग तहसील के निकट ही रोक दिया गया था। राजमार्ग के अधिक बाधित होने से मलेथा होकर भी यातायत डाइवर्ट किया गया। नौ घण्टे से अधिक यातायात बाधित होने से ऋषिकेश से निकले बदरीनाथ, केदारनाथ, हेमकुंड आदि को निकले यात्रियों को खासी मुश्किलें बनी रही।

### कॉम्पेक्टर से हरिद्वार तक कूड़ा पहुंचाने के निर्देश

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को ग्राम पंचायतों के लिये उपलब्ध कराये गये कूड़ा निस्तारण वाहनों के संचालन, रुट चार्ट बनाने, वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगाने, जीपीएस एप को प्रसारित करने के साथ वाहनों को ट्रेक करने के बैठक में संबधिंत अधिकारियों को निर्देश दिये। डीएम ने प्लास्टिक कूड़े को ग्राम पंचायत से रोड़ हेड तक लाने, रोड हेड से नगर पंचायत और नगरपालिका के कॉम्पेक्टर की मद्द से हरिद्वार पहुंचाने के बीडीओ और नगरपालिका, नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ग्रामीणों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग स्थानों पर रखने के लिये ग्रामीणों को जागरुक करने को कहा। डीएम ने मौसम की अपडेट लेते हुये सभी अधिकारियों को फिल्ड में तैनात रहकर कार्य करने के निर्देश दिये हैं। डीपीआरओ एमएम खान ने बताया कि ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक कूड़ा निस्तारण हेतु 4 हजार 246 डस्टबिन लगाये गये हैं,जिनसे कूड़ा ग्राम पंचायतों द्वारा रोड़ हेड तक लाया जायेगा। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार,आईएएस आसीमा गोयल, डीडीओ सुनील कुमार, एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा, एएमए जिला पंचायत संजय खंडूरी, एडीआईओ भजनी भंडारी आदि उपस्थित थे।

# 365 दिनों में केवल एक दिन खुलता है यह मंदिर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 24 अगस्त , भारत की संस्कृति की चर्चा पूरे विश्व भर में मशहूर है। हमारे देश में ऐसे लाखों प्राचीन मंदिर हैं जिनके इतिहास के बारे में हम और आप सुनते रहते हैं। ऐसे लाखों प्राचीन मंदिर में से काफी मंदिर उत्तराखंड के मशहूर है जिसके बारे में आप सब लोग जानते ही होंगे। लेकिन आज हम आपको उत्तराखंड के एक ऐसे मंदिर की कहानी के बारे में बताने जा रहे है जो आजकल बहुत चर्चा में है। आपको बता दे मंदिर को लेकर बोला जा रहा है कि मंदिर का द्वार साल में सिर्फ एक बार ही खुलता है और वो भी रक्षाबंधन के दिन। तो चलिए आपको इस मंदिर के इतिहास के बारे में विस्तार से बताते है।



जिस मंदिर के बारे में हम आपको बता रहे हैं उसका नाम है वंशी नारायण मंदिर। समुद्रतल से लगभग 12 हज़ार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद यह मंदिर उत्तराखंड की चमोली जिले में है। कहा जाता है कि जब भी राखी का दिन करीब होता है तो मंदिर के आसपास की जगहों की सफाई शुरू हो जाती है ताकि भक्त अच्छे से दर्शन कर सकें। इस मंदिर को लेकर कहा जाता है कि रक्षाबंधन के दिन सूर्योदय के साथ खुलता है और सूर्यास्त होते ही मंदिर के कपाट अगले 365 दिन के लिए बंद कर दिए जाते हैं। लेकिन जैसे ही मंदिर का द्वार खुलता है वैसे ही महिलाएं भगवान को राखी बंधना शुरू कर देती हैं और बड़े धूम-धाम के साथ पूजा भी करती हैं।


इस मंदिर से जुड़ी प्रसिद्ध कथा है कि जब पाताल लोक से भगवान विष्णु धरती पर प्रकट हुए थे तो इसी स्थान पर हुए थे। पाताल लोक से धरती पर आने के पीछे भी एक प्रसिद्ध कथा है। तो चलिए जानते है। ऐसी मान्यता है कि राजा बलि के अहंकार को नष्ट करने के लिए भगवान विष्णु ने वामन का रूप धारण किया था और बलि के अहंकार को नष्ट करके पाताल लोक भेज दिया। जब बलि का अहंकार नष्ट हुआ तब उन्होंने नारायण से प्रार्थना की कि आप मेरे सामने ही रहे। इसके बाद विष्णु जी बलि का द्वारपाल बन गए। जब बहुत दिनों तक विष्णु जी मां लक्ष्मी के पास नहीं पहुंचे तो लक्ष्मी जी पाताल लोग पहुंच गई और बलि की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें विष्णु जी को मांग और लौटकर अपने लोक में पहुंच गए। तब से इस जगह को वंशी नारायण के रूप में पूजा जाने लगा।

वंशी नारायण मंदिर के बारे में कहा जाता है कि इसे छठी सदी में बनाया गया था। एक अन्य लोक मान्यता है कि इस मंदिर में भगवान नारद जी ने 364 दिन भगवान विष्णु की पूजा करते और एक दिन के लिए चले जाते थे ताकि लोग पूजा कर सकें।स्थानीय लोग श्रावण पूर्णिमा पर भगवान नारायण का श्रृंगार भी करते हैं। रक्षाबंधन के दिन गांव के प्रत्येक घर से भगवान नारायण के लिए मक्खन आता है और इसे प्रसाद में मिलाकर भगवान को चढ़ाया जाता है। अगर आप को इस मंदिर के दर्शन करना है तो आप रक्षाबंधन के दिन कर सकते है जो उत्तराखंड के चमोली जिले की उर्गम घाटी पर मौजूद है।

# झूलाघाट में बनेगा नेपाल को जोड़ने वाला सबसे बड़ा मोटर पुल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 अगस्त , मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो उत्तराखंड से नेपाल आवाजाही के लिए तीन नए मोटर पुल बनने जा रहे हैं. धारचूला के छारछूम में तो मोटर पुल का निर्माण कार्य इस साल पूरा होने की उम्मीद भी है. इसके अलावा चंपावत के कलढुंगा और पिथौरागढ़ के झुलाघाट में मोटर पुलों का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है. नए पुल बनने से उत्तराखंड से नेपाल के लिए चार जगहों से वाहनों के जरिए आवाजाही हो सकेगी अब तक केवल चंपावत के बनबसा से ही नेपाल के लिए गाड़ी चलती है. पिथौरागढ़ पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने इस बात की जानकारी मीडिया को देते हुए बताया कि भारत और नेपाल को जोड़ने वाले तीनों मोटर पुल महाकाली नदी पर बनने हैं जिसमें सबसे बड़ा पुल पिथौरागढ़ के झुलाघाट में बनेगा जिसकी लंबाई 500 मीटर और चौड़ाई करीब 10 मीटर होगी



साभार - सो.मी.

इसके अलावा धारचूला के छारछूम में करीब 100 मीटर का एक पुल निर्माणाधीन है. साथ ही उन्होंने बताया कि पिथौरागढ़ के अलावा चंपावत के कलढुंगा में बनने वाले पुल की लंबाई 400 मीटर है और चौड़ाई 10 मीटर है. तीन नए पुलों के निर्माण के बाद भारत और नेपाल के बीच के संबंध और मजबूत होंगे जिससे सीमावर्ती क्षेत्र के कारोबारी को भी विशेष लाभ मिलेगा.

चंपावत और पिथौरागढ़ जिले से लगी नेपाल सीमा में तीन नए पुल बनने से व्यापारिक गतिविधियों व रोटी बेटी के संबंधों को मजबूती मिलेगी इसके अलावा दोनों देशों की साझी संस्कृति को भी बढ़ावा मिल सकेगा दरअसल कलढूंगा स्थित परशुराम घाट में उत्तरायणी पर हर साल बड़ा मेला लगता है. जिसमें नेपाल से भी बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेते हैं. नेपाल के स्थानीय नागरिक और व्यापारी दीपेंद्र कार्की बताते हैं कि अभी मेले में शामिल होने के लिए नेपाल के लोग नाव के सहारे भारत पहुंचते हैं पुल बन जाने के बाद नेपाल के सभी श्रद्धालुओं को भारत पहुंचने में सहूलियत मिलेगी।

## युवाओं को समाज की आवश्यकताएं जानना जरूरीः प्रो. अवस्थी

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान(एनआईटी) उत्तराखंड श्रीनगर में नए प्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रो. अवस्थी ने कहा कि जैसे पैरों की मोच आगे बढने नहीं देती वैसे ही व्यक्ति की संकीर्ण सोच विकास मार्ग को अवरूद्ध करके उसे आगे बढने नहीं देती। कहा युवा इंजीनियरिंग स्नातक के रूप में आपको बहुत कुछ सीखना है। उन्होंने छात्रों को अच्छी आदतें और मूल्यों को अपनाकर अपनी क्षमता का सर्वोत्तम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. अवस्थी ने कहा कि बीटेक, एमटेक पाठ्यक्रम के अंतर्गत ज्ञान, नवप्रवर्तन और रचनात्मकता की इस यात्रा में शिक्षकों द्वारा समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए गए पाठ्यक्रम की अवधारणाओं और तरीकों के बारे में बहुत सी बातें सिखाई जाएंगी। जिससे आपके पास अपनी बौद्धिक और रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के अपार अवसर होंगे। कहा कि राष्ट्र के निर्माता के रूप में युवाओं को अपनी सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत, सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि एवं समाज की आवश्यकताएं जानना जरूरी है। तभी अपने समाज और राष्ट्र के लिए योगदान किया जा सकता है। कार्यक्रम में डीन अकादमिक द्वारा सभी छात्रों को संस्थान कि शैक्षणिक अध्यादेश एवं नियमावली का विस्तृत विवरण दिया गया।

# वोटर चेतना अभियान के तहत भाऊवाला में भाजपा ने कार्यशाला आयोजित की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 को सफल बनाने के लिए वोटर चेतना अभियान शुरू किया है। अभियान के सुचारू रूप से क्रियान्वयन और सफलता के लिए विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत पुंडीर फार्म हाउस भाऊवाला में भाजपा मंडलों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी पार्टी पदाधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा नए मतदाता बनाने, मतदाता सूची से नाम हटाने और पता बदलवाने से संबंधित फार्म की भी जानकारी दी गई।

इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद रहे विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने वोटर चेतना अभियान को लेकर सभी को संबोधित किया। विधायक ने कहा कई बार चुनाव के दौरान किसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में न होने के कारण वह अपने मत का प्रयोग करने से वंचित रह जाता है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में इन चीजों को सुधारा जा सके, इसके लिए पार्टी ने इस अभियान की शुरुआत की है। विधायक ने मौजूद सभी भाजपा सदस्यों से आह्वान किया की अपने-अपने क्षेत्र के 18 वर्ष से अधिक आयु के उन व्यक्तियों का जिनका वोटर कार्ड में नहीं है, उनका वोटर कार्ड बनवाने में सहायता करें। ताकि वोटर लिस्ट में प्रत्येक वयस्क नागरिक का नाम दर्ज हो सके। उन्होंने कहा मतदाता सूची का बारीकी से अध्ययन करें और यदि कोई मतदाता किसी कारण से किसी अन्य जगह चला गया है या उसकी मृत्यु हो गई है तो उसका नाम सूची से हटवाएं। इस दौरान जिला देहरादून ग्रामीण अध्यक्ष मीता सिंह, प्रदेश प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया संयोजक नवीन ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मंजू नेगी, अभियान जिला संयोजक मातबर सिंह बिष्ट, सह संयोजक अशोक नेगी, जिला प्रभारी विनय रोहिला, जिला महामंत्री अमित डबराल, विधानसभा सहसपुर के सभी मंडल और मोर्चों के अध्यक्ष व पदाधिकारीगण, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बीएलए - टू आदि उपस्थित रहें।

## एसटी आयोग की अध्यक्ष आश्रम पद्धति विद्यालय की जांची व्यवस्थाएं

विकासनगर। उत्तराखंड जनजाति आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा ने बुधवार को आश्रम पद्धति विद्यालय लागापोखरी चकराता का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए बालिकाओं के लिए सुविधाएं मुहैया कराने का आश्वासन दिया। बुधवार सुबह जनजाति आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा आश्रम पद्धति विद्यालय लागापोखरी पहुंची। उन्होंने विद्यालय में अध्धयनरत बालिकाओं से बातचीत करते हुए उनसे विद्यालय की व्यवस्थाओं के बारे में जानकरी ली। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से वार्ता कर शिक्षण व्यवस्था पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने बालिकाओं को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता जांची, हॉस्टल में जाकर बच्चियों के रहन सहन का स्तर देखा।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। शिक्षको को बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा का स्तर अच्छा रखने की बात कही। कहा कि विद्यालय के प्रधानचार्य हंस कुमार चौहान ने विद्यालय में अध्ययनरत तीन सौ बालिकाओं के लिए जगह कम होने की बात कही है, इसके लिए शासन स्तर पर कार्यवाही के लिए लिखा जाएगा।

## कुलदीप कुमार को लद्दाख की जिम्मेदारी सौंपी

विकासनगर। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक कुलदीप कुमार को कार्यालय मोटिवेशन केंद्रीय टोली में शामिल किया है। उन्हें जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। दरअसल, के प्रत्येक राज्य के प्रदेश कार्यालय पार्टी की गतिविधियों एवं चुनाव के दृष्टिगत बहुत ही महत्वपूर्ण अंग होते हैं। इन्हीं कार्यालय की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा देश के प्रत्येक राज्य के लिए केंद्रीय टोली का गठन किया गया है। जो प्रत्येक राज्य में प्रदेश कार्यालय का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का सुझाव देगी। इसी कड़ी में प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार को जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख, भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम को बिहार एवं सह प्रभारी रेखा वर्मा को उत्तराखंड की जिम्मेदारी दी गई। उन्हें यह जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी जाहिर कर है, और केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है।

# दुनिया की ज्यादातर सड़कें काले रंग की ही क्यों होती हैं ?






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 अगस्त , आप जब भी सार्वजनिक वाहन, अपनी कार या बाइक से कहीं जाने के लिए बाहर निकलते होंगे तो आपने ध्यान दिया होगा कि सड़क काले रंग की होती है. क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर ज्यादातर सड़कें काले रंग की ही क्यों होती हैं? दरअसल, सड़क बनाने के लिए छोटे-छोटे पत्थरों की जरूरत पड़ती है. इन पत्थरों और बाकी सामग्री को आपस में जोड़े रखने के लिए मिश्रण में एस्फाल्ट नाम का एक पदार्थ मिलाया जाता है. इस एस्फाल्ट को आम बोलचाल में डामर या कोलतार या तारकोल कहते हैं.

कोलतार प्राकृतिक तौर पर काले रंग का ही होता है. ऐसे में एस्फाल्ट मिक्स करके बनाई जाने वाली सभी सड़क काले रंग की हो जाती हैं. वहीं, आयरन के जाल के साथ सीमेंट और कंक्रीट की सड़कें काली नहीं होती हैं. आजकल टाउनशिप के अंदर की ज्यादातर सड़कें सीमेंट, कंक्रीट और सरिया के जाल से ही बनाई जाती हैं, क्योंकि ये तारकोल मिक्स से बनी सड़कों के मुकाबले ज्यादा चलती हैं. वहीं, कुछ जगहों पर अब सीमेंट की ब्रिक्स का भी सड़क बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा है. इससे बनी सड़कों में टूट-फूट या गड्ढा होने पर मरम्मत में ज्यादा मेहनत और खर्चा नहीं आता है. इस तरह की सड़कें मुंबई के कई इलाकों में नजर आती हैं.

**क्या होता है रोड कोलतार**

रोड टार को कोलतार, तारकोल और डामर के तौर पर भी पहचाना जाता है. ये एक चिपचिपा काला पदार्थ है, जिसका इस्तेमाल सड़कों और अन्य सतहों को पक्का व मजबूत बनाने के लिए किया जाता है. यह कच्चे तेल को रिफाइन करने पर बनने वाले उत्पाद को बजरी और रेत जैसी सामग्रियों के साथ मिलाकर बनाया जाता है. रोड टार की संरचना विशिष्ट फार्मूला और उपयोग के आधार पर अलग होती है. फिर भी आमतौर पर इसमें हाइड्रोकार्बन और दूसरे रसायनों का मिश्रण होता है.

**तारकोल का क्या है इतिहास**

रोड तारकोल का इतिहास मेसोपोटामिया और मिस्र की प्राचीन सभ्यताओं से हजारों साल पुराना है. इन सभ्यताओं ने जलरोधी नौकाओं और इमारतों समेत कई उद्देश्यों के लिए प्राकृतिक डामर का इस्तेमाल किया. प्राचीन रोम में सड़कों और दूसरी सतहों को पक्का करने के लिए नेचुरल एस्फाल्ट का इस्तेमाल किया जाता था. हाल के इतिहास में औद्योगिक क्रांति के बेहतर और टिकाऊ सड़कों को पक्का बढ़ने के साथ रोड कोलतार का इस्तेमाल ज्यादा शुरू हो गया. आज सड़कों, पार्किंग और कई दूसरी सतहों में तारकोल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है.

# क्या भारतीय अपनाएंगे 15 मिनट सिटी कॉन्सेप्ट ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 अगस्त , कोरोना महामारी से जब पूरी दुनिया में अर्थव्यवस्था को तगड़ा झटका लगा, तो इससे उबरने के उपायों के बारे में सोचा गया. अमेरिका और यूरोप के कई बड़े शहरों ने इसके लिए 15 मिनट सिटी कॉन्सेप्ट को अपनाने का सुझाव दिया. अमेरिका के बड़े शहरों में इस कॉन्सेप्ट पर बातचीत चल ही रही थी कि पेरिस ने इस मामले में सबसे बाजी मार ली. अपनी खूबसूरत गलियों और स्मारकों के लिए दुनियाभर में मशहूर शहर पेरिस ने 15 मिनट सिटी कॉन्सेप्ट को अपनाया. जानते हैं कि ये 15 मिनट सिटी कॉन्सेप्ट क्या है? कौन-कौन से देश इसमें शामिल होंगे? क्या भारत के बड़े शहर भी इस कॉन्सेप्ट को अपनाएंगे?

सबसे पहले समझते हैं कि 15 मिनट सिटी कॉन्सेप्ट क्या है? इस कॉन्सेप्ट के मुताबिक, बड़े शहरों में लोगों को घर से निकलने के बाद पैदल या साइकिल से 15 मिनट की दूरी तय करने पर स्कूल, अस्पताल, जनरल स्टोर, ग्रॉसरी शॉप्स और पार्क मिल जाने चाहिए. इस कॉन्सेप्ट का मकसद भीड़भाड़ वाले शहरों को रहने लायक बनाने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए यातायात को कम करना है.




साभार - सो.मी.

यही नहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस कॉन्सेप्ट को दुनियाभर के बड़े शहर अपनाने में सफल हो जाते हैं तो अब से कहीं ज्यादा स्थायी वातावरण बनाने में सफलता मिलेगी.

**क्यों पड़ी 15 मिनट सिटी कॉन्सेप्ट की दरकार**

पेरिस का अपनाया गया 15 मिनट सिटी कॉन्सेप्ट शहरी विकास की विशेष योजना है. इसके तहत लोगों को पैदल या साइकिल से 15 मिनट के दायरे में ही जरूरत की सभी चीजें मिल जाएंगी. इससे उन्हें बाइक, कार या सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करना होगा. इससे बड़े शहरों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और वातावरण साफ होगा. दरअसल, औद्योगिक क्रांति के दौर में शहरों में पैदल चलने और साइकिल चलाने वालों का विशेष ध्यान नहीं रखा गया. ज्यादातर बड़े देशों में बड़े शहरों की योजना बनाने वालों ने पूरी प्लानिंग कारों को ध्यान में रखकर की. इससे लोगों की कारों पर निर्भरता बढ़ गई. शहरों का भी विस्तार होता गया. इन समस्याओं के निदान के तौर पर 15 मिनट सिटी कॉन्सेप्ट को पेश किया गया है.




# झूठे वादे करके किसी ने बेचा बीमा या म्यूचुअल फंड, तो ऐसे सिखाएं सबक




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 अगस्त , आज के समय में बाजार में निवेश के कई तरह के विकल्प मौजूद हैं. फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स बेचने वाली कंपनियां अक्सर ग्राहकों को बड़े-बड़े वादों से लुभाती हैं. लोग अक्सर आकर्षक रिटर्न की आड़ में धोखाधड़ी का शिकार बन जाते हैं. ऐसा देखा गया है कि जब निवेशक कंपनी के ऊपर गलत तरीके से बेचे गए वित्तीय उत्पाद जैसे बीमा या म्यूचुअल फंड को लेकर शिकायत दर्ज करने का प्रयास करता है तो वित्तीय उत्पाद बेचने वाली कंपनी बच जाती है. इससे निवेशक के पास निवेशक सुरक्षा हेल्पलाइन के आईवीआर पर शिकायत दर्ज करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचता है.ऐसे में निवेशक क्या करें क्या नहीं इसी सोच में पड़ जाता है. आज आप लोगों की इसी समस्या का समाधान लेकर हम आए हैं.

**IVR कॉल में फंसा रह जाता है इन्वेस्टर**

निवेशक सुरक्षा हेल्पलाइन में अक्सर ऑटोमैटेड रिस्पॉन्सेस के साथ इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम होते हैं जिनसे कुछ पलों के लिए तो निवेशक को राहत मिलती है लेकिन बाद में ग्राहक या तो स्वचालित आईवीआर के चक्रव्यूह में खो जाता है या फिर दफ्तरों और बैंकों के चक्कर लगाता रहता है. हालांकि ग्राहकों को जल्द ही इन सबसे छुटकारा मिल जाएगा. सरकार विवाद समाधान के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म स्थापित करने पर काम कर रही है जहां शिकायत दर्ज करना और शिकायत का समाधाम पाना आसान हो जाएगा.

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 पुलिस कर्मी होंगे सम्मानित

रुद्रप्रयाग। जनपद में पुलिस महकमें में विभिन्न स्थितियों में बेहतर और उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक सम्मानित करेंगी। पुलिस अधीक्षक ने विभाग में इसी तरह अन्य पुलिस कर्मियों को भी बेहतर कार्य करने की नसीहत दी। पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा अशोक भदाणे ने कहा कि केदारनाथ और मदमहेश्वर में विभिन्न परिस्थितियों में रेस्क्यू कर यात्रियों को सकुशल लाने वाले 11 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही थाना गुप्तकाशी में पंजीकृत गुमशुदा की बरामदी करने पर 2 पुलिस कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पारितोषिक से सम्मानित किया जाएगा। बीती 13 अगस्त को भारी बारिश से मद्महेश्वर और केदारनाथ में कई यात्री मुश्किलों में फंस गए थे जिन्हें पुलिस कर्मियों की मदद से सुरक्षित लाया गया। सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मियों में उपनिरीक्षक पुलिस शिव प्रसाद, एसआई आशुतोष चौहान, अपर एसआई धर्मेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी संजय लेखवार, आरक्षी विजय शाह के साथ ही होमगार्ड जवान बलवीर रावत, प्रेम सिंह, जीतपाल एवं पीआरडी जवान महिपाल लाल, प्रमोद एवं मुकेश शामिल है।

# बीएचईएल ने भारत के पहले कैटलिस्ट सेट का निर्माण किया

हरिद्वार। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने थर्मल पावर प्लांटों से एनओएक्स उत्सर्जन को कम करने के लिए सेलेक्टिव कैटलिस्ट रिएक्टर्स (एससीआर) में लगाए जाने वाले भारत के पहले कैटलिस्ट (उत्प्रेरक) सेट का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। अब तक इन उत्प्रेरकों का आयात किया जा रहा था। ऐसे में यह भारत सरकार के मेक इन इंडिया पहल का यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इंडस्ट्रियल सिस्टम्स एंड प्रोडक्टस बीएचईएल की निदेशक रेणुका गेरा ने तेलंगाना में बन रहे 5&800 मेगावाट यदाद्री थर्मल पावर स्टेशन के लिए स्वदेशी रूप से निर्मित एससीआर उत्प्रेरकों के पहले सेट को कंपनी की बेंगलुरु स्थित सोलर बिजनेस डिवीजन (एसबीडी) इकाई से रवाना किया गया। इस अवसर पर पंकज गुप्ता कार्यपालक निदेशक एसबीडी, अनिल जोशी कार्यपालक निदेशक उद्योग क्षेत्र तथा एसबीडी के अन्य कर्मचारी मौजूद थे। थर्मल पावर स्टेशनों में एनओएक्स उत्सर्जन को कम करने के लिए बीएचईएल ने अपनी एसबीडी इकाई में एक अत्याधुनिक एससीआर उत्प्रेरक विनिर्माण सुविधा स्थापित की है। एनओएक्स गैस के दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को देखते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के अधिसूचना के मद्देनजर टीएसजेनको ने 5&800 मेगावाट यदाद्री टीपीएस के लिए, महाजेनको ने 1&660 मेगावाट भुसावल टीपीएस के लिए, डबल्यूबीपीडीसीएल ने 1&660 मेगावाट सागरदिघी टीपीएस के लिए तथा नाल्को ने 1&18.5 मेगावाट दामनजोड़ी टीपीएस के लिए एससीआर के ऑर्डर दिए हैं।


## दिव्यांगों की सेवा ही ईश्वर सेवा है : ममता राकेश

रुडकी. इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन ने कार्यक्रम आयोजित कर 135 दिव्यांगों को निशुल्क उपकरण बांटे। आरएनआई इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ममता राकेश और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी उर्फ किरण चौधरी ने दीप जलाकर किया। विधायक ने कहा कि दिव्यांगजन भी मन से मजबूत होते हैं। शरीर का कोई अंग कमजोर हो सकता है लेकिन व्यक्ति को मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए। कहा कि दिव्यांगों और गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। इस दौरान दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, इलेक्ट्रानिक साइकिल, बैशाखी, छड़ी, व्हीलचेयर, कृत्रिम कलीपर उपकरण बांटे गए। कार्यक्रम में पूर्व मंडी अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष शोभा राम प्रजापति, सतीश सैनी, मास्टर सत्यपाल सिंह, अमन त्यागी, ब्लॉक प्रमुख करुणा कर्णवाल, मोहित यादव, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल आदि मौजूद रहे।

## मारपीट में दो महिलाओं सहित पांच के खिलाफ मुकदमा

रुडक्री। रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक परिवार के पर हमला बोल दिया। इसमें एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित कुल पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा भंनेडा निवासी मोहम्मद अकरम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के कुछ लोग उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। आरोप है कि सात अगस्त की शाम आरोपियों ने उनके परिवार के साथ अभद्रता की और घर के बाहर काम कर रही उसकी पत्नी व भाई के साथ गाली गलौज करते हुए उन्हें मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपियों ने परिजनों पर लाठी डंडों से प्रहार कर दिया।

## संपादकीय



### इसरो की अंतरिक्ष आर्थिकी

इसरो अपनी स्थापना के करीब 61 सालों में भारतीय अंतरिक्ष गतिविधियों का सूत्रधार रहा है। यदि आज दुनिया भर में 'चंद्रयान-3' की चर्चा है और वह कौतुहल-सा बना है, तो उसमें इसरो के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तमाम इकाइयों की अनथक मेहनत और अत्याधुनिक विज्ञानी तथा प्रौद्योगिकीय मेधा का ही योगदान है। केंद्रीय अंतरिक्ष विज्ञान मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने एक साक्षात्कार में खुलासा किया था कि हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम अर्थव्यवस्था के विस्तार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, लेकिन इसरो के सीमित आर्थिक संसाधनों की भी चर्चा की जानी चाहिए। इसरो से अपेक्षाएं हैं कि वह 100 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का आधार बने, लेकिन अमरीका, रूस, चीन, जापान आदि देशों की तुलना में इसरो के संसाधन 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान हैं। यदि अमरीका में नासा का बजट 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक है, तो इसरो का बजट 2023-24 में 12,544 करोड़ रुपए तय किया गया था। लक्ष्य एक समान हैं कि चांद पर पांव रखें। सूर्य का मिशन 'आदित्य एल-1' कामयाब रहे और 'गगनयान' के जरिए मानव को अंतरिक्ष की सैर कराई जाए। हालांकि यह कैसे और कब संभव होगा, रोबोट पर परीक्षण करने के बाद ही इसरो और उसके वैज्ञानिक किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकेंगे। बहरहाल इसरो के बजट का संदर्भ है, तो पहला सवाल यह किया जा सकता है कि 2022-23 के बजटीय आवंटन से करीब 8 फीसदी कम क्यों किया गया? हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। आजकल प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के दावे करने लगे हैं। भारत सरकार का लक्ष्य है कि इसरो विश्व की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में देश की हिस्सेदारी बढ़ाए। फिलहाल यह मात्र 2 फीसदी है, लेकिन बजट को लेकर सरकार की चिंता गंभीर नहीं है। वित्त वर्ष 2021-22 में भी बजट 12,474 करोड़ रुपए था। आखिर यह ठहराव-सा क्यों है? अर्थव्यवस्था का संदर्भ है, तो आज करीब 150 निजी स्टार्टअप अंतरिक्ष गतिविधियों को लेकर काम कर रहे हैं। वे इसरो की विज्ञानी एवं प्रौद्योगिकी विशेषज्ञताओं के साथ-साथ उसके बुनियादी ढांचे और डाटा का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। क्या इन गतिविधियों से हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा नहीं मिलता? वैसे अंतरिक्ष गतिविधियों की हमारी अपनी सरकारी विरासत भी है, जिसके तहत पीएसएलवी, जीएसएलवी, एसएसएलवी के जरिए भारत सेटेलाइट लॉन्च करता रहा है। यह इसरो की रोजी-रोटी भी है। भारत जुलाई, 2023 तक 36 देशों के 431 सेटेलाइट्स को अंतरिक्ष में भेज चुका है। इस काम के जरिए हमने जुलाई, 2022 तक 22.30 करोड़ डॉलर कमाए हैं। भारत दुनिया के 10 देशों में एक है, जो रॉकेट लॉन्च करने में सक्षम है। हम 15 शीर्ष देशों में सम्मिलित देश हैं, जिसके अनेक उपग्रह अंतरिक्ष की विभिन्न कक्षाओं में स्थित हैं, लेकिन वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी मात्र 2 फीसदी है। भारत का लक्ष्य दशक के अंत तक 9 फीसदी का है। एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी का आकलन है कि 2040 तक भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 40 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। यही नहीं, भारत की क्षमता 100 अरब डॉलर की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था तक पहुंचने की है, लेकिन उसमें सरकार का सहयोग और समर्थन बेहद जरूरी है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## स्टार्टअप के माध्यम से स्वावलंबी बने छात्र : चौधरी

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय में विश्व उद्यमिता दिवस पर उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक राम कुमार चौधरी ने कहा कि सरकारी और निजी नौकरी ही रोजगार नहीं है, बल्कि हम स्टार्टअप के माध्यम से भी स्वावलंबी बन सकते हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राम कुमार चौधरी ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना होगा। जिससे राष्ट्र के पुनर्निर्माण में हम अपनी सहभागिता निभा सकते हैं। मुख्य अथिति ओमेंद्र त्यागी ने छात्रों को अपने स्टार्टअप के बारे में बात कर उत्साहवर्धन किया। अभाविप के हरिद्वार विभाग के विभाग संगठन मंत्री व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत गौड़ ने बताया कि छात्रों को नौकरी पर निर्भर न रहकर अपने स्टार्टअप के माध्यम से स्वावलंबी बनने की आवश्यकता है। कई युवा हैं, जिन्होंने नौकरी को दरकिनार का अपने स्टार्टअप शुरू किए। वह राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। विभाग संयोजक विशाल भारद्वाज ने भी विचार रखे। इस दौरान अक्षय, सेतवान, नगर विस्तारिका अंजलि चौहान, इकाई अध्यक्ष आशु मलिक, इकाई उपाध्यक्ष तुषार अग्रोही,आर्यन चौधरी, भानु प्रताप, उदय सिंह, हर्षित सैनी, वंशज प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

पौड़ी। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जिला पूर्ति अधिकारी ने कल्जीखाल के ग्रामसभा साकिनीबड़ी में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। चौपाल में उद्यान, पशुपालन, पंचायत, मनरेगा सहित अन्य विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। चौपाल में ग्रामीणों के द्वारा सडक़, पानी, मनरेगा के तहत कार्य, गैस की आपूर्ति, बिजली के झूलते तारों, दिव्यांग पेंशन व उद्यान विभाग से पॉलीहाउस लगाए जाने से संबंधित शिकायतें की गई। जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली ने बताया कि गैस की आपूर्ति शिकायत पर संबंधित गैस एजेंसी को गांव के नीचे विस्तार पटल स्वीकृत करवाए और प्रति माह कोई एक तिथि निर्धारित कर ग्रामीणों को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति करने के निर्देश दिए गए है।

उन्होंने पॉलीहाउस की शिकायत पर ग्रामीणों को नियमानुसार शीघ्र पॉलीहाउस उपलब्ध कराने व पशुपालन विभाग को पशुओं में होने वाली बीमारियों के टीके लगाने को कहा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि गांव में विद्युत लाइन के तार अधिकतर झूल रहें हैं जिससे कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। उन्होंने विद्युत विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा मिनी आंगनवाडी, सस्ते गल्ले की दुकानों, खाद्यान्न भंडार अद्ववाणी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कांसखेत में एक दुकान तय समय पर बिना किसी सूचना के बंद पाए जाने पर उसकी जमानत धनराशि जब्त की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### बारिश को लेकर अलर्ट, स्कूलों में आज छुट्टी

हरिद्वार। हरिद्वार में बारिश के ऑरेंज अलर्ट के बाद जिलाधिकारी ने कक्षा एक से 12वीं तक की कक्षाओं में गुरुवार का अवकाश घोषित किया है। जिलाधिकारी ने भूमि कटाव वाले क्षेत्रों और गंगा के जलस्तर को लेकर 24 घंटे निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने आपदा प्रबंधन विभाग के अलावा सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने को कहा है। जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल ने बताया कि भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून की ओर से 22 से 26 अगस्त तक मौसम का पूर्वानुमान जारी किया गया है। गुरुवार को बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। डीएम ने बताया कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालयों के अलावा आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाडी केंद्र में अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे विद्यालय जिनमें परीक्षाएं संचालित है वह अपने समयानुसार परीक्षा करा सकते हैं।

### तीर्थ पुरोहितों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

हरिद्वार। विक्रम चंद्रयान की सफलता के लिए धर्मनगरी के तीर्थ पुरोहितों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। तीर्थ पुरोहित उज्जवल पंडित ने कहा कि चंद्रायन और भारत के वैज्ञानिकों को उनके कार्य में सफलता मिले। ऐसी कामना और प्रार्थना कर रामघाट स्थित रामलला के सम्मुख हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उन्होंने कहा कि इसकी सफलता के साथ ही देश को विश्व की सर्वोच्च ताकत और विश्व गुरु बनने से कोई शक्ति नहीं रोक पाएगी। इस दौरान शांतनु, अरीश शर्मा, चिन्मय पंडित, प्रणव सिखौला, शुभम शर्मा, प्रकाश गडकोटी आदि शामिल रहे।

### ट्रेन में महिला से लूटी चेन

हरिद्वार। दक्षिण भारत की महिला यात्री से ट्रेन में चेन लूटकर एक बदमाश फरार हो गया। पुलिस ने पीछा किया लेकिन आरोपी को पकड़ नहीं सकी। महिला ने हरिद्वार में कोई शिकायत नहीं की है। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार देर रात की है। मसूरी एक्सप्रेस ट्रेन ज्वालापुर रेलवे स्टेशन के पास रुकी। तभी एक बदमाश कूदकर प्लेटफार्म नंबर दो की तरफ से भागने लगा। कुछ लोग उसके पीछे भागे। लेकिन एक बाइक सवार युवक के पीछे बैठकर वह फरार होने में कामयाब रहा। जीआरपी थाना प्रभारी अनुज सिंह ने बताया कि ज्वालापुर रेलवे स्टेशन के पास हुई घटना के संबंध में सूचना मिली है। लेकिन अभी तहरीर नहीं मिली है। घटनाक्रम से साफ है कि पूरी प्लानिंग के साथ आरोपी ने घटना को अंजाम दिया है।

### चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए गंगा में किया दुग्धाभिषेक

हरिद्वार। श्रीअखंड परशुराम अखाड़े के संयोजन में अग्रसेन घाट पर गंगा में दुग्धाभिषेक, हनुमान चालीसा का पाठ और गंगा की पूजा अर्चना कर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की प्रार्थना की गई। अखाड़े के अध्यक्ष अधीर कौशिक ने कहा कि भारत नया इतिहास रचने जा रहा है। गंगा के आशीर्वाद से चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग रही। लैंडिंग के बाद देश की महाशक्ति के रूप में पहचान बनेगी। इस मौके पर स्वामी लघु वन महाराज, कुलदीप शर्मा, विष्णु, गौरव भारद्वाज, अस्मित शर्मा, अर्णव शर्मा, जलज कौशिक, विष्णु आदि मौजूद रहे।

### चंद्रयान की सफलता को चरण पादुका मंदिर में अनुष्ठान

हरिद्वार। पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी स्थित मनसा देवी चरण पादुका मंदिर में चंद्रयान-3 की सफलतापूर्वक लैंडिंग के लिए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और मां मनसा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज की ओर से किए जा रहे विशेष अनुष्ठान का समापन हो गया। अनुष्ठान 16 जुलाई से चल रहा था। चंद्रयान की सफलतापूर्वक लैंडिंग के लिए भगवान से प्रार्थना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के लिए भी कामना की गई। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि करीब चार साल बाद आज फिर पूरे भारत के लिए ऐसा खुशी का मौका है, जब इसरो अपना काम आगे बढ़ा रहा है। चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग में सफलता को यज्ञ किया गया। उन्होंने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों की ओर से शुरू किया गया कार्यक्रम सफल होगा। इसकी सफलता से पूरी दुनिया भारत की ताकत देखेगी। निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर ललितानंद गिरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से इसरो के वैज्ञानिकों ने फिर से चंद्रयान 3 की लांचिंग की थी। दुनिया में भारत की अलग पहचान बनेगी। यज्ञ में राजपुरी, रतन गिरी, अमित गिरी, रामसेवक गिरी, जगदीशानंद गिरी, स्वामी जीवन गिरी, लोकेश भारती, राघवेंद्र गिरी, सुमित गिरी, पुरुषोत्तम शर्मा, टीना टुटेजा, प्रतीक सूरी आदि शामिल रहे।

### आबादी क्षेत्र से किंग कोबरा रेस्क्यू किया

हरिद्वार। हरिद्वार रेंज की टीम के कर्मियों के पास शिवलोक कॉलोनी के एक घर में कोबरा सांप देखे जाने की सूचना पहुंची। वन कर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद बरा को घर में रखी एक कुर्सी के नीचे से पकड़ लिया। इससे परिवार ने राहत की सांस ली। कोबरा को श्यामपुर रेंज स्थित आरक्षित वन में सुरक्षित छोड़ दिया गया है। रेंजर दिनेश ने बताया कि बरसात के दिनों में सांप के बिलों में पानी भरने के कारण सांप आबादी क्षेत्र में आ जा रहे हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। सांप दिखने पर वन विभाग को जानकारी दें।

### गोकशी करने वालों का सामाजिक बहिष्कार करेगा मुस्लिम समाज

हरिद्वार। ज्वालापुर में मुस्लिम समुदाय की बैठक में गोकशी की घटनाओं की कड़े शब्दों में निंदा की गई। साथ ही गोकशी के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में नेता हाजी इरफान अली भट्टी ने समुदाय के प्रतिनिधियों के समक्ष गोकशी करने वाले लोगों का सामाजिक बहिष्कार करने का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों ने सहमति जताई है। बुधवार को पार्षद सुहैल अख्तर कुरैशी के आवासीय कार्यालय पर हुई बैठक में मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना आरिफ ने कहा कि क्षेत्र में गोकशी की घटना नहीं होनी चाहिए। गोकशी करने वालों की जितनी निंदा की जाए कम है। मुस्लिम भाइयों को हिंदू भाइयों के जज्बात का सम्मान करना चाहिए। किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए। हाजी नईम अख्तर कुरैशी ने कहा कि इस तरह के मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। मुस्लिम समाज प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेगा। कानून का पालन सभी को करना चाहिए। हाजी इरफान अली भट्टी ने कहा कि गोकशी करने वालों का मुस्लिम समाज सामाजिक बहिष्कार करेगा। हाजी रफी खान ने कहा कि आपसी सौहार्द को बिगडऩे की कोशिश लगातार की जा रही हैं। ऐसे लोगों से सचेत रहना चाहिए। आसामाजिक तत्वों का सत्यापन भी पुलिस को करना चाहिए। बैठक में एडवोकेट रियाजुल हसन अंसारी, इदरीस मंसूरी, मोबिन कुरैशी, गुलशेर अंसारी, दिलशाद मंसूरी, जाफिर अंसारी, जफर अब्बासी, तहसीन अंसारी, फुरकान कुरैशी, कदीर कुरैशी, अफजल ख्वाजा, डॉ. मेहरबान ख्वाजा, पप्पू सलमानी, नसीम सलमानी, मेहरबान खान, हाजी निनना, अरशद प्रधान, शमशाद कुरैशी, बिलाल कुरैशी, हाजी नसीम कुरैशी, जमशेद सलमानी, गालीब कुरैशी, फुरकान कुरैशी, शाहिद आदि उपस्थित रहे।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# दबंग धामी अंदाज़ में फॉरेस्ट चीफ अनूप मलिक की धुआंधार कार्यवाही

## अनूप मलिक ने अधिकारियों से पूछा जंगल में खेती कैसे हो रही है, जवाब दो!











न्यूज़ वायरस नेटवर्क

- सीएम धामी के अतिक्रमण हटाओ अभियान की हुई जंगल समीक्षा
- सेटलाइट साक्ष्य के साथ दो हफ्ते में हटाने के सख्त आदेश
- सीएम कार्यालय और वन मुख्यालय में डेली रिपोर्ट भेजने के निर्देश
- लापरवाह डीएफओ खुद होंगे जिम्मेदार

देहरादून,23 अगस्त। सीएम पुष्कर सिंह धामी के अतिक्रमण हटाने के मामले में वन विभाग की सुस्ती के प्रति व्यक्त की गई नाराजगी के बाद पीसीसीएफ हॉफ अनूप मलिक ने बुधवार को शिवालिक सर्कल और राजाजी टाइगर रिजर्व के वनाधिकारियों की बैठक ली और सख्त लहजे में पूछा कि जंगल में गुज्जरों के कैसी आबादी बढ़ गई और कैसे उन्होंने जंगल की जमीन पर कब्जे कर खेती करने लगे ,उन्होंने सेटलाइट साक्ष्य के आधार पर ऐसे अतिक्रमण को दो हफ्ते के भीतर हटाने के लिए कहा।

पीसीसीएफ श्री मलिक ने कहा कि सभी डीएफओ ,वनाधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझे अन्यथा वो अपनी लापरवाही के लिए खुद जिम्मेदार होंगे।उन्होंने अधिकारियो को निर्देशित किया कि सरकार और उत्तराखंड हाई कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए , नदी श्रेणी और खनन नदियों किनारे चिन्हित अतिक्रमण को दो हफ्ते में हटाए।श्री मलिक ने कहाँ कि हर फॉरेस्ट डिविजन में समन्वयक कार्मिक नियुक्त करके अतिक्रमण हटाओ अभियान के नोडल अधिकारी को मुख्यालय में रोजाना रिपोर्ट देंगे जिसे सीएम कार्यालय एवं शासन को भेजा जाएगा।श्री मलिक ने चार माह में केवल शिवालिक सर्कल में 25 हैक्टेयर वन भूमि ही अतिक्रमण मुक्त किए जाने पर नाराजगी जताई और इस अभियान में वन अधिकारियों को फील्ड में जाकर एक्शन लेने की जरूरत जताईबैठक में देहरादून में 580 हैक्टेयर, हरिद्वार वन प्रभाग में, 51हैक्टेयर, राजाजी टाइगर रिजर्व में 7 हैक्टेयर वन क्षेत्र में अतिक्रमण चिन्हित किए जाने के जानकारी सामने आई, इसके अलावा नदी श्रेणी और नदी किनारे में अतिक्रमण को तुरंत हटाए जाने के लिए पीसीसीएफ श्री मलिक ने वनाधिकारियों को निर्देशित किया।बैठक में अतिक्रमण हटाओ अभियान के नोडल अधिकारी डॉ.पराग मधुकर धकाते ,शिवालिक सी एफ राजीव धिमान,लैंस डाउन के डीएफओ नवीन पंत, हरिद्वार के डीएफओ नीरज कुमार, देहरादून के नीतीश मनी त्रिपाठी, गोविंद वन्यजीव विहार के डिप्टी डायरेक्टर मयंक शेखर झा, राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक साकेत बडोला, डिप्टी डायरेक्टर कहकँशा नसीम, एसडीओ सहसपुर शिप्रा आदी उपस्थित थे ।

## डीएम ने सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक ली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी। सडक़ सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में डीएम ने अफसरों को शाम 6 से 9 बजे तक अनिवार्य रूप से चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। डीएम ने अफसरों को लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। बुधवार को जिला सभागार में डीएम डा.आशीष चौहान ने सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक ली। इस दौरान सामने आया कि शाम 6 से 9 बजे के बीच शराब पीकर वाहन संचालित होने से अधिक सडक़ दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिस पर डीएम ने पुलिस और परिवहन विभाग को इस समय पर चेकिंग अभियान में तेजी लाने, एल्कोमीटर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। अफसरों ने बताया कि अगस्त में अभी तक कुल 8 सडक़ दुर्घटनाओं में 7 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। डीएम ने पुलिस विभाग, एसडीएम व परिवहन विभाग के अफसरो को सडक़ सुरक्षा के मानकों की अवहेलना करने वालों के विरूद्व कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम ने खतरनाक रूप से ड्राइविंग करने वालों, ओरवलोडिंग और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस निरस्तीकरण करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने सभी एसडीएम को मजिस्ट्रीयल जांच समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग लेन के लिए यदि पौड़ी शहर के आसपास भूमि उपलब्ध हो जाती है तो पौड़ी शहर में ही इसको तैयार करें जिससे शहर के आसपास इकोनॉमिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। बताया गया कि पुलिस विभाग द्वारा कुल 153 चालानों में केवल 88 पर चालान निरस्तीरकण की संस्तुति की गई है जिस पर एसएसपी ने भी इसको बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, अधीक्षण अभियंता लोनिवि पीएस बृजवाल, परिवहन अधिकारी अनीता चंद, मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश चंद्र गौढ़, अधिशासी अभियंता एनएच श्रीनगर निर्भय सिंह व अधिशासी अभियंता लोनिवि दिनेश नौटियाल आदि शामिल थे।

## पौड़ी में श्रीनगर मार्ग पर दुकानों पर चली जेसीबी

पौड़ी। श्रीनगर रोड पर उद्यान विभाग के पास एनएच पर बनाई गई दुकानों को जेसीबी की मदद से हटा दिया गया। कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानें खुद ही हटा ली थी। प्रशासन ने स्थानीय दुकानदारों को दुकान खाली करने के लिए दो दिन का समय दिया था। बुधवार को प्रशासन ने जेसीबी की मदद से श्रीनगर रोड पर स्थित दुकानों को हटा दिया। यहां पर जिला प्रशासन द्वारा पिछले करीब 33 साल पहले ये दुकाने आवंटित की गई थी। कुछ दुकानों का किराया नगरपालिका तो कुछ दुकानों का किराया समाजकल्याण विभाग ले रहा था। कोर्ट के आदेश बाद बुधवार को जिला प्रशासन ने जेसीबी की मदद से इन दुकानों को हटा दिया।

## पीपलकोटी के आपदा प्रभावितों ने मांगा मुआवजा

चमोली। नगर पंचायत पीपलकोटी में बीते 13 और 14 अगस्त को अतिवृष्टि व बादल फटने से चार वार्ड नौरख, अगथला, गडोरा व बाटुला मायापुर में भारी नुकसान हुआ है। मंगलवार को पीपलकोटी नगर पंचायत के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने डीएम के माध्यम से आपदा से हुए नुकसान का ब्यौरा सौंपकर सीएम को ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें मांग की गई है कि पीपलकोटी, बंड क्षेत्र और यहां आयी आपदा का मुआवजा केदारनाथ और जोशीमठ आपदा के तर्ज पर दिया जाय। अतुल शाह और शंभू प्रसाद सती ने कहा कि बंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सल्ला रैतोली, कम्यार, चातौली-किरूली, ल्वाह, महरगांव, दिगोली, बिरही हाट दशवाणा, जैसांल, मठझडेता, बेमरू, गुनियाला, स्यूण, लुदाउ गांव का बंड विकास संगठन के पदाधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया है। जिसमें दर्जन भर से अधिक आवास पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त और बह गए हैं। कई आवासीय मकानों व गोशालों में मलबा घुसने से क्षतिग्रस्त हो गया है। कई जगह पर भूस्खलन जैसी स्थिति पैदा हुई है। जिससे क्षेत्र के लोग सहमे हुए है। कहा कि कई व्यापारियों ने स्वरोजगार के तहत बैंकों से ऋष्ण लिया हुआ है। लेकिन आपदा से उनपर संकट पैदा हो गया है। कहा कि क्षेत्र में आई भीषण आपदा को जोशीमठ व केदारनाथ आपदा के सरकारी मानकों के आधार पर प्रभावितों को आवासीय भवन, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का मुआवजा दिया जाय। कहा कि शासन प्रशासन के द्वारा आपदा के कारण हुए समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो क्षेत्रीय जनता प्रदर्शन , चक्का जाम, आमरण अनशन करेंगी ।जिसकी जिम्मेंदारी जिला प्रशासन की होंगी।

## बारिश से रुद्रप्रयाग की 17 ब्रांच सडक़ें बंद

रुद्रप्रयाग। बीती रात से हो रही बारिश के चलते जनपद में 17 मोटर मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। सभी मोटर मार्ग को सुचारु करने के लिए मलबा हटाने की कार्रवाई जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को जल्द से जल्द मोटर मार्ग पर आवाजाही शुरू कराने के निर्देश दिए गए हैं। बारिश के चलते जनपद में 3 सडक़ें लोक निर्माण विभाग रुद्रप्रयाग, 6 सडक़ें लोक निर्माण विभाग ऊखीमठ, 5 सडक़ें पीएमजीएसवाई रुद्रप्रयाग तथा 3 सडक़ें पीएमजीएसवाई जखोली की बंद है। सभी सडक़ों के बंद होने से ग्रामीण जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर लोगों को मीलों पैदल चलना पड़ रहा है। हालांकि इसके बाद उन्हें ट्रासमेंट कर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि नगरासू-डांडाखाल-धनपुर मोटर मार्ग बंद है जिसके 25 अगस्त तक खुलने की संभावना है। जबकि छेनागाड़-बक्सीर मोटर मार्ग दीवार क्षतिग्रस्त व भूधंसाव से बंद है। उक्त मोटर मार्ग के भी 25 अगस्त तक खुलने की संभावना है। खिर्सू-खेड़ाखाल कांडई खांकरा मोटर मार्ग मलबा बोल्डर आने से मार्ग यातायात के लिए ठप है। इसके खोलने का काम जारी है। विजयनगर-पठालीधार-डांगी, बांसवाड़ा-बष्टी बसुकेदार, मस्तूरा-दिलमी-करोखी मार्ग बंद है। इन मार्गो के 28 अगस्त तक खुलने की संभावना है। कुणजेठी-ब्यूंखी मोटर मार्ग बंद है, इसके खोलने के लिए मौके पर जेसीबी मशीन भेजी गई है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यदायी संस्थाओं को मोटर मार्ग खोलने के लिए निर्देशित किया गया है।

## चन्द्रयान-3 की सफलता के लिए केदारनाथ में महाभिषेक

रुद्रप्रयाग। देशभर में चन्द्रयान-3 के चांद पर सफल प्रक्षेपण के लिए भगवान से प्रार्थनाएं की जा रही हैं। प्रार्थनाओं का यह दौर उत्तराखंड के धामों में भी किया गया। विशेष रूप से केदारनाथ धाम में बदरी-केदार मंदिर समिति ने बाबा केदार का महाभिषेक पूजन कर चन्द्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण की प्रार्थना की। केदारनाथ धाम में सुबह पूजा अर्चना के साथ ही चन्द्रयान-3 की सफलता के लिए बाबा केदार की विशेष पूजा अर्चना की गई। बदरी-केदार मंदिर समिति के कार्याधिकारी आरसी तिवारी द्वारा बाबा केदार का महाभिषेक पूजन किया गया। इस दौरान वेदपाठी, आचार्यों द्वारा वेद मंत्रों की ध्वनियों के साथ भगवान केदारनाथ से देश की तरक्की के लिए प्रार्थना की गई। प्रार्थना की गई कि चन्द्रयान-3 का चांद पर सफल प्रक्षेपण हो और देश के वैज्ञानिकों के साथ ही हर देशवासी को गौरवान्वित होने का अवसर मिल सके। इस दौरान यहां पहुंचे तीर्थयात्रियों ने भी बाबा केदार से चन्द्रयान की सफलता के लिए प्रार्थना की।